प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 01.03.2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना मूँढ़ापाण्डें।

अवगत कराना है कि दिनांक 22.02.2025 को वादी निवासी ग्राम दलपतपुर थाना मूढ़ापाण्डें क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध में थाना मूँढ़ापाण्डे पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 56/2025 धारा-137(2) बीएनएस बनाम आसिफ पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में अपर्हता को सकुशल बरामद करते हुये आज दिनांक 01.03.2025 को उ0नि0 दीपक राणा थाना मूढ़ापाण्डें द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त आसिफ पुत्र उस्मान निवासी ग्राम दलपतपुर थाना मूढ़ापाण्डें जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 64 बीएनएस व 3/ 4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2. महिला के साथ अश्लीलता, दुष्कर्म करने का प्रयास व मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 22.02.2025 को वादिनी निवासनी महबुल्ला गंज कटघर, मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास, अश्लीलता व मारपीट करने के संबंध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 74/2025 धारा- 115(2)/74/64(1)/62 बीएनएस बनाम इरफान आदि के पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 01.03.2025 को म0उ0नि0 मौसम रानी थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त इरफान पुत्र टैनी निवासी ग्राम गणेशपुर डेरी थाना भोजपुर, हाल निवासी अलसिफा हैल्थ केयर सैन्टर एन्ड जज्जा बच्चा केन्द्र थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3. घर में घुसकर चोरी करने की अभियुक्ता गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 25.02.2025 को वादी श्री राहुल कुमार पुत्र श्री हरपाल सिंह निवासी पवांसा जनपद सम्भल हाल निवासी मौहल्ला शिवपुरी डबल फाटक थाना कटघर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्ता द्वारा वादी के किराये के मकान में घुसकर अलमारी से एक गले का हार, कान के झाले, सोनी की गले की चैन, लेडिस व जैन्टस अंगूठी, कानो की झुमकी आदि सोने के आभूषण व 18000 रू0 चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 110/2025 धारा 305(a) बीएनएस बनाम सोनी यादव के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 01.03.2025 को उ0नि0 बृजेश कुमार व म0उ0नि0 लीना कुशवाहा थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्ता सोनी यादव पत्नि सुनिल कुमार निवासी मेवा नवादा थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्ता की निशादेही पर उक्त अभियोग से संबंधित चोरी का सामान एक गले का हार, कान के झाले, सोनी की गले की चैन, लेडिस व जैन्टस अंगूठी, कानो की झुमकी आदि सोने के आभूषण बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4. जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 07 आरोपीगण को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 01.03.2025 को जनपदीय पुलिस द्वारा 07 आरोपीगण को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना बिलारी –

1. रोहित पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम मल्लपुर सिधारी थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद
2.विरेन्द्र सिंह पुत्र कैलाश सिंह निवासी ग्राम अबुसैदपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद
3.अनीस पुत्र खलील निवासी ग्राम ग्वालखेडा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद,
4.शमीम पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम ग्वालखेड़ा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद
5.किशन सिंह पुत्र मटरू नि0 ग्राम मीरापुर माफी थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

थाना कटघर—

1.सचिन उर्फ गणेश पुत्र स्व0 किशोर निवासी प्रेमनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2.सोनू पुत्र स्व0 किशोर निवासी प्रेमनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।